दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, शनिवार 09 मार्च 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-159

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पत्नी की बात न सुनने के लिए पति ने 62 साल तक किया गुंगे-बहरे होने का नाटक

न्यूयॉर्क (आरएनएस)। संयुक्त राज्य अमेरिका में 62 साल की शादी में एक पत्नी ने पाया कि उसका पति गूंगा और बहरा नहीं है। तलाक के कागजात के अनुसार, 84 वर्षीय बैरी डॉसन ने अपनी 80 वर्षीय पत्नी डोरोथी के सामने कभी भी एक भी शब्द नहीं बोला, दशकों तक वे साथ रहते थे। यह मामला कनेक्टिकट में वाटरबरी का है।

### ट्रंप के चुनाव प्रचार के प्रमुख रहे मैनफोर्ट को 47 महीने की जेल

अलेक्जेंड्रिया (आरएनएस)। अमेरिका की एक अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रचार अभियान के पूर्व अध्यक्ष पॉल मैनफोर्ट को बैंक और कर धोखाधड़ी के लिए करीब चार साल की सजा सुनायी है। न्यायाधीश टी एस एलिस ने गुरुवार को वर्जिनिया के अलेक्जेड्रिया में मामले की सुनवाई के दौरान मैनफोर्ट (69) को 47 महीने की सजा सुनाई।

### अफगानिस्तान से सैनिक वापस बुलाने का कोई निर्देश नहीं: पेंटागन

वॉशिंगटन (आरएनएस)। शीर्ष अमेरिकी कमांडर ने कहा है कि पेंटागन को अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की ओर से अफगानिस्तान से अपने सैनिक वापस बुलाने का कोई निर्देश नहीं मिला है।

### लव मैरिज करने पर ससुर ने दामाद की हत्या की, बेटी ने भी की खुदकुशी

हाजीपुर (आरएनएस)। बिहार के वैशाली जिले में एक पिता ने अपनी लड़की के साथ भागकर प्रेम विवाह करने वाले अपने दामाद की गोली मारकर हत्या कर दी। लड़की इस घटना को बर्दाश्त नहीं कर सकी और कुछ ही देर के बाद उसने भी गले में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।

### सुरक्षा भाजपा के लिए केवल नारा नहीं

**अमित शाह ने कहा**

सागर (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष अमित शाह ने आज कहा कि सुरक्षा भारतीय जनता पार्टी के लिए केवल एक नारा नहीं है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सुरक्षा के लिए दो बार कार्रवाई करके दिखाई है। शाह आज मध्यप्रदेश के सागर संभाग के भाजपा पालक संयोजक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश के जवानों को खुली छूट देकर दुश्मनों को मुँह तोड़ जवाब देने को कहा है।

### आर्मी हेडक्वार्टर से जंग के मैदान में भेजे जाएंगे कर्नल रैंक के अधिकारी

**सेना का बड़ा फैसला**

नईदिल्ली (आरएनएस)। भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच खबर है कि पाकिस्तान ने भारतीय सीमा पर अपने जवानों और हथियारों की संख्या बढ़ा दी है. पाकिस्तान की ओर से हलचल तेज होती देख अब भारतीय सेना ने भी अहम फैसला लिया है. बताया जा रहा है कि बॉर्डर पर तैनात अधिकारियों की संख्या को बहुत जल्द बढ़ाया जाने वाला है. सूत्रों के मुताबिक कर्नल रैंक के अधिकारी जो अभी तक आर्मी हेडक्टार्टर में तैनात थे, उन्हें जल्द ही जंगी मोर्चे पर भेजा जाएगा.

### सपा ने 6 कैंडिडेट्स की लिस्ट जारी की

**मैनपुरी से पार्टी प्रत्याशी होंगे मुलायम**

लखनऊ (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव 2019 के लिए समाजवादी पार्टी ने अपने 6 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है. इस लिस्ट में समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव को इस बार मैनपुरी से चुनाव मैदान में उतारने का फैसला किया है. बता दें, कल ही कांग्रेस ने यूपी में 11 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की थी.

## आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करे पाकिस्तान: अमेरिका

वॉशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका ने पाकिस्तान से अपील की है कि वह पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादी समूहों के खिलाफ स्थायी और लगातार कार्रवाई करे। विदेश मंत्रालय का यह बयान ऐसे समय में आया है जब पुलवामा में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी हमले और बालाकोट में जैश के आतंकवादी शिविर पर भारत के हवाई हमले के बाद से पाकिस्तान पर आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए वैश्विक दबाव बढ़ा है।



पाकिस्तान के गृह मंत्रालय ने घोषणा की कि पाकिस्तान में प्रतिबंधित समूहों के अब तक 121 सदस्यों को एहतियातन नजरबंद किया गया है। विदेश मंत्रालय के उपप्रवक्ता रॉबर्ट पालाडिनो ने गुरुवार को कहा, मैं कहूंगा कि हम इन कदमों पर ध्यान देते हैं और हम पाकिस्तान से फिर से यह अपील करेंगे कि वह आतंकवादी समूहों के खिलाफ लगातार और स्थायी कदम उठाए जिससे भविष्य में हमले रुकेंगे और क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने कहा, हम फिर से अपील करते हैं कि पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं का पालन करे और आतंकवादियों की पनाहगाह नष्ट करे और उनकी फंडिंग रोके। रॉबर्ट ने जैश के मुखिया आतंकी मसूद अजहर को वैश्विक आतंकवादी घोषित करने संबंधी सवाल का सीधा जवाब नहीं दिया, लेकिन उन्होंने कहा कि अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में उसके सहयोगी आतंकवादी संगठनों और उसके सरगनाओं की संयुक्त राष्ट्र की सूची को अपडेट करना चाहते हैं।

## अयोध्या मामले पर होगी मध्यस्थता, 3 सदस्यीय पैनल गठित

**सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला**

नईदिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने अयोध्या मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए मध्यस्थता के आदेश दे दिए हैं. सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए पैनल गठित करने के आदेश दिए हैं. मध्यस्थों में तीन सदस्यों को शामिल किया गया है. मध्यस्थता बोर्ड के सदस्यों में श्रीश्री रविशंकर के साथ ही श्रीराम पंचू को भी शामिल किया गया है. मध्यस्थता बोर्ड के अध्यक्ष एम एफ कलिफुल्लाह होंगे.



सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगले चार हफ्तों के अंदर मध्यस्थता का काम शुरू कर दिया जाए और अगले आठ हफ्ते के अंदर अपनी रिपोर्ट सौंप दी जाए. सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर श्रीश्री रविशंकर ने ट्वीट किया है कि सबका सम्मान करना, सपनों को साकार करना, सदियों के संघर्ष का सुखांत करना और समाज में समरसता बनाए रखना - इस लक्ष्य की ओर सबको चलना है.

सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर केंद्रीय मंत्री सत्यपाल सिंह ने कहा है कि इस फैसले को हम बहुत ही अच्छी तरीके से देख रहे हैं. ये स्वागत योग्य फैसला है, इससे बड़ी खुशी की क्या बात होगी कि हम लोग समझौता कर सकें. लोगों की इच्छा यही है कि जल्द से जल्द भगवान राम का मंदिर बने.

महंत धर्मदास ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर खुशी जाहिर की है कि हम खुश है की कोर्ट भी चाहता है कि इस मामले में जल्द से जल्द फैसला हो.

## 'लकी चेयर पर फिर मोदी को बिठाने की तैयारी

लखनऊ (आरएनएस)। राजनीति में संबंधों के साथ-साथध टोने-टोटके को भी बखूबी तरजीह दी जाती है। ऐसा ही एक दिलचस्प चर्चा सुनने को मिल रही है। जानकारी के मुताबिक, केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा पांच साल से अधिक समय से कांच के बक्से में रखी एक लकड़ी की कुर्सी को चुनावी माहौल में अपने लिए लकी मानती है। अब एक बार फिर यह कुर्सी खबरों में है। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं का मानना है कि यह कुर्सी पार्टी के लिये काफी भाग्यशाली है क्योंकि जब-जब पीएम नरेंद्र मोदी इस कुर्सी पर बैठे हैं, भाजपा कानपुर के आसपास की सीटें तो जीती ही है, साथ ही केंद्र और प्रदेश में भी पार्टी को अभूतपूर्व सफलता मिली है।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शनिवार यानि आठ मार्च की रैली के लिए एक बार फिर इसे रंग-रोगन कर तैयार किया जा रहा है और भाजपा नेताओं की इच्छा है कि प्रधानमंत्री मोदी फिर इसी कुर्सी पर बैठे और एक बार फिर केंद्र में मोदी सरकार बने।

भारतीय जनता पार्टी कानपुर के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मैथानी ने बताया, '2014 लोकसभा चुनाव से पहले नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश में अपनी पहली चुनावी विजय शंखनाद रैली 19 अक्टूबर 2013 को इंदिरा नगर मैदान में की थी।

## पाकिस्तानी टीवी पर कांग्रेस को ज्यादा टीआरपी मिल रही:जेटली

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय वित्तमंत्री अरुण जेटली ने गुरुवार को कांग्रेस व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा राफेल लड़ाकू सौदे में घपले का मुद्दा बार-बार उठाए जाने को लेकर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को पाकिस्तान के टेलीविजन पर अत्यधिक टीआरपी मिल रही है। जेटली ने कहा कि इस मुद्दे पर सवाल कांग्रेस नेताओं की राष्ट्रीय सुरक्षा के खिलाफ की गई टिप्पणी से जनता का ध्यान भटकाने के लिए उठाए जा रहे हैं।



उन्होंने कहा, कांग्रेस ने बीते कुछ दिनों से अपने वरिष्ठ नेताओं के बयान से खुद को मुश्किल में पा रही है। उन्हें पाकिस्तान के टेलीविजन पर अत्यधिक टीआरपी मिल रही है। लेकिन भारत में उनके खिलाफ राय में परिवर्तन आ रहा है। अरुण जेटली कांग्रेस अध्यक्ष के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ समानांतर बातचीत व लड़ाकू विमान राफेल की भारत को आपूर्ति में देरी की जांच की मांग संबंधी सवाल का जवाब दे रहे थे। जेटली ने कहा कि सरकार ने बार-बार इस मुद्दे पर अपनी स्थिति साफ की है, सर्वोच्च न्यायालय ने इस पर बात रखी है और सीएजी ने पहले ही इसका विश्लेषण किया है। उन्होंने कहा, याचिकाकर्ता एक और मौका ले रहे हैं। कोई राजवंश यह दावा नहीं कर सकता कि वह सर्वोच्च न्यायालय या सीएजी से ऊपर है और उसके फैसले व निष्कर्ष उस पर लागू नहीं होते।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने पाकिस्तान में किए गए हवाई हमलों के लिए सबूत जारी करने की मांग की थी। पुलवामा हमले में शहीद हुए कई सीआरपीएफ जवानों के विधवाओं ने भी असंतोष प्रकट करते हुए कहा है कि उन्हें एयर स्ट्राइक में मारे गए आतंकवादियों के शवों की तस्वीर देखे बिना दिल को ठंडक नहीं पहुंचेगी।

## आम आदमी पार्टी के विधायक पर दुष्कर्म का आरोप, एफआईआर दर्ज

नई दिल्ली (आरएनएस)। रिठाला विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के विधायक महेन्द्र गोयल पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए एक महिला ले एफआईआर दर्ज कराई है. प्रशांत विहार थाने दर्ज कराए गए मामले में सिर्फ विधायक ही ही नहीं बल्कि उसके भाई के खिलाफ भी शिकायत की गई है. फिलहाल इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है.



महिला का आरोप है कि विधायक ने बंदूक दिखाकर न केवल उसे डराया बल्कि उसकी आपत्तिजनक वीडियो को वायरल करने की धमकी भी दी. इसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया. पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि वह सेक्टर 24 रोहिणी क्षेत्र में रहती है. एक दशक पहले उसके पति की मौत हो चुकी है और वह आप विधायक को बीते 15 साल से जानती है.

पीड़िता के मुताबिक, करीब 2 साल पहले वह पेंशन के काम से विधायक के सेक्टर 13 रोहिणी स्थित अपार्टमेंट गई थी. उस वक्त विधायक घर पर अकेला था. यहीं उसने पीड़िता के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए और किसी को न बताने की धमकी दी. इस दौरान आरोपी ने उसका मोबाइल भी छीन लिया. पीड़िता के अनुसार इस साल 5 फरवरी को विधायक के भाई ईश्वर ने उसे कई बार अश्लील वीडियो व गंदे मैसेज भेजे. साथ ही अपने साथ संबंध बनाने का दबाव डाला. वहीं इस मामले पर विधायक गोयल का कहना है कि यह पूरी तरह से फर्जी मामला है. आम आदमी पार्टी को भी इसकी पूरी जानकारी दे दी है.

## केजरीवाल सरकार ने अतिथि शिक्षकों को दिया तोहफा

### 60 वर्ष तक कर सकेंगे काम

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के केजरीवाल सरकार ने सरकारी स्कूलों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों बड़ा तोहफा दिया है। अब राजधानी दिल्ली के सरकारी स्कूलों में काम कर रहे स्थायी शिक्षकों के समान ही नौकरी कर सकेंगे। यानी, अतिथि शिक्षक भी अब 60 वर्ष तक काम कर के बाद ही सेवानिवृत्त होंगे।



दिल्ली कैबिनेट ने इससे संबंधी प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है। इसका लाभ सभी अतिथि व अनुबंध शिक्षकों को प्राप्त होगा। इन्हें महंगाई भत्ता प्रत्येक जनवरी और जुलाई में मिलेगा।

## लाहौर में हाफिज सईद पर जुमे की तकरीर देने पर लगी रोक

लाहौर (आरएनएस)। मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड औकर जमात उद-दाला (जेयूडी) के सरगना हाफिज सईद पर लाहौर के जामिया मस्जिद कदसिया में जुमे की तकरीर देने पर रोक लगा दी गई है। यह कदम आतंकवादी समूहों के खिलाफ पाकिस्तान सरकार की कार्रवाई का हिस्सा है। मीडिया ने शुक्रवार को जानकारी दी। इससे पहले गुरुवार को पाकिस्तानी कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने 121 लोगों को



ऐहतियातन हिरासत में ले लिया और 182 मदरसों को सील कर दिया, जिसके बाद यह कदम सामने आया है। डॉन न्यूज ने जानकार सूत्रों के हवाले से बताया कि प्रशासन को नियंत्रण में लेने में मदद करने के लिए जामिया कादसिया मस्जिद में पुलिस दल भेजा गया था। पुलिस ने जेयूडी के और फलाह-ए-इंसानियत फाउंडेशन (एफआईएफ) के चौबुर्जी मुख्यालयों को भी गुरुवार रात अपने नियंत्रण में ले लिया। एफआईएफ जेयूडी की चैरिटी विंग है। अधिकारी ने कहा कि संगठन के मुरीदके मरकज कार्यालय में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है, जहां सरकार ने छह प्रशासक नियुक्त किए हैं।

## बाराबंकी में मां-बेटे की हत्या, तीन घायल

बाराबंकी (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से सटे जिले बाराबंकी के सफदरगंज क्षेत्र में दोहरी हत्या का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. सतीश कुमार ने यहां बताया कि सफदरगंज क्षेत्र के लक्षबर बजहा गांव में गुरुदीन अपने परिवार के साथ रहता था। गुरूवार रात बदमाशों ने पति-पत्नी और तीन मासूम बेटों पर नुकीले हथियार से जानलेवा हमला बोल दिया। बदमाशों द्वारा किये गये जानलेवा हमले में उसकी पत्नी कविता(40) तथा बेटा शुभम(06) की मौके पर मृत्यु हो गयी जबकि गुरूदीन, दो वर्षीय पुत्र सिद्धांत तथा तीन माह का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए।

उन्होंने बताया कि घायलों को लखनऊ स्थित ट्राम सेन्टर में भर्ती कराया गया है। मौके पर शराब की कई बोतलें मिली हैं, जिससे अंदेशा जताया जा रहा है कि बदमाशों ने खूली खेल खेलने से पहले घर में पति को जमकर शराब पिलाई और उसके बाद इस वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गुरुवार रात में दो पक्षों के बीच घर के अंदर मारपीट हुई। इनमें से मृतक महिला के परिवार से आए चार लोग घर कें अंदर शराब पी रहे थे। शराब पीने के बाद इन लोगों के बीच काफी मारपीट हुई। इस घटना में घर के अंदर मौजूद महिला और पहली पत्नी के बेटे की मौत हो गई। जबकि तान लोग घायल हो गए। वारदात की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पति और दो बच्चों को अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल अवैध संबंध या जमीनी विवाद का मामला सामने आ रहा है। पुलिस की पूछताछ जारी है, जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

## काशी विश्वनाथ धाम के नाम से जाना जाएगा वाराणसी का मंदिर क्षेत्र: मोदी

वाराणसी (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यहां कहा कि प्राचीन काशी विश्वनाथ मंदिर परिक्षेत्र अब 'काशी विश्वनाथ धाम' के नाम से जाना जाएगा तथा देश के अन्य मंदिरों के लिए 'मॉडल' के रुप में प्रेरणा का केंद्र बनेगा। मोदी ने मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद गंगा तट पर जाने वाली महात्वाकांक्षी कॉरिडोर निर्माण परियोजना का शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि करीब 250 साल साल बाद उन्हें आज मंदिर के विस्तार करने सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इससे पहले अहिल्याइ बाई के प्रयासों से मंदिर का विस्तार कार्य हुआ था।

उन्होंने कहा कि विस्तारीकरण के कार्य के दौरान करीब 40 पैराणिक मंदिरों का पता चला है, जिन्हें मकानों से ढ़क दिया गया था। आने वाले समय में सरकार इन सभी मंदिरों सुंदरीकरण करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में मां गंगा ने जिस काम के लिए उन्हें यहां बुलाया था, वह आज पूरा हो गया।

## दिल्ली मेट्रो के फेस-4 प्रोजेक्ट के 3 कॉरिडोर को केंद्रीय कैबिनेट ने दी मंजूरी

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को दिल्ली मेट्रो नेटवर्क के चौथे चरण के अंतर्गत छह नए कॉरिडोर में से तीन को मंजूरी दे दी। सरकार ने एयरो सिटी से तुगलकाबाद (20.20 किलोमीटर), आर.के. आश्रम से जनकपुरी वेस्ट (28.92 किलोमीटर) और मौजपुर से मुकुंदपुर (12.54 किलोमीटर) खंड को मंजूरी प्रदान की। यह तीनों कॉरिडोर 350 किलोमीटर लंबे मौजूदा दिल्ली मैट्रो नेटवर्क में जुड़ेंगे।



इन लाइनों में 17 स्टेशन भूमिगत और शेष 29 स्टेशन एलिवेटिड होंगे। आर.के. आश्रम से जनकपुरी वेस्ट के बीच 25 स्टेशन, एयरो सिटी से तुगलकाबाद के बीच 15 स्टेशन और मौजपुर से मुकुंदपुर के बीच छह स्टेशन होंगे। रिठाला-बवाना, इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ और लाजपत नगर से साकेत जी ब्लॉक खंडों के लिए अभी कैबिनेट की मंजूरी मिली है।

तीनों मेट्रो कॉरिडोर की कुल लागत 24,948.65 करोड़ रुपये होगी।

## महिलाओं की आजादी में आ रही बाधाओं को खत्म करना होगा: राहुल

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कहा कि महिलाओं की आजादी के रास्ते में आने वाली बाधाओं को खत्म करना होगा। राहुल ने ट्वीट कर कहा, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं की साहसी, जुझारूपन की भावना को सलाम करता हूं। मैं यह भी चाहता हूं कि हम उन बाधाओं को खत्म करने के संकल्प को फिर दोहराएं जो स्वतंत्रता एवं समानता की तरफ बढ़ने में महिलाओं को लगातार हो रही हैं।



उन्होंने कहा कि ऐसे करने से हम उनके लिए एक बेहतर, उज्ज्वल, निडर दुनिया का मार्ग प्रशस्त करेंगे। कांग्रेस मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला और पार्टी के कई अन्य नेताओं ने भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को शुभकामनाएं दीं।